भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1577
मंगलवार, दिनांक 20 दिसम्बर, 2022 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>विदेशी निवेश से सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना</u>

1577. श्री नीरज डांगी: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में विदेशी निवेश से सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए हैं या किए जा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो इस उद्देश्य के लिए विदेशी कंपनियों द्वारा किए गए निवेश सहित तत्संबंधी देश-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार सौर ऊर्जा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए कोई प्रोत्साहन देती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश में सौर ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) और (ख): देश में सौर विद्युत उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए ऑटोमेटिक रूट के जरिए 100 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2000 से सितम्बर 2022 तक की अवधि के दौरान 'गैर-परंपरागत ऊर्जा' क्षेत्र में प्राप्त प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई/इक्विटी इन्फलो), जिसमें सौर विद्युत में विदेशी निवेश शामिल है, के देश-वार ब्यौरे अनुलग्नक में दिए गए हैं।

(ग) देश में सौर विद्युत उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए ऑटोमेटिक रूट के जरिए 100 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति है। यह लागू नियमों/विनियमों, सुरक्षा एवं अन्य शर्तों के अध्यधीन है।

(घ) देश में सौर ऊर्जा सहित अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा अन्य के साथ-साथ किए गए उपायों के ब्यौरों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- ऑटोमेटिक रूट के अंतर्गत 100 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देना,
- 30 जून, 2025 तक चालू होने वाली परियोजनाओं के लिए सौर और पवन विद्युत की अंतर-राज्य बिक्री के लिए अंतर-राज्य पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) शुल्कों को माफ करना,
- वर्ष 2029-30 तक अक्षय ऊर्जा खरीद बाध्यता (आरपीओ) के लिए ट्रैजेक्ट्री की घोषणा करना,
- सौर फोटोवोल्टेक प्रणालियों/उपकरणों की स्थापना के लिए मानकों को अधिसूचित करना,

- निवेशों को आकर्षित करने और सुविधाजनक बनाने के लिए परियोजना विकास एकक की स्थापना करना,
- ग्रिड संबद्ध सौर पीवी परियोजनाओं और पवन विद्युत परियोजनाओं से बिजली की खरीद के लिए टैरिफ आधारित स्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के लिए मानक बोली दिशानिर्देश,
- सरकार ने यह आदेश जारी किए हैं कि विद्युत की आपूर्ति साख पत्र (लेटर ऑफ क्रेडिट – एलसी) या अग्रिम भुगतान के माध्यम से की जाएगी, ताकि वितरण लाइसेंसधारियों द्वारा अक्षय ऊर्जा उत्पादकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके।
- ग्रीन एनर्जी ओपन एक्सेस नियमावली, 2022 के जरिए अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने की अधिसूचना जारी करना,
- "विद्युत (विलंब भुगतान अधिभार और संबंधित मामला) नियमावली (एलपीएस नियमावली)" को अधिसूचित करना,
- एक्सचेंज के माध्यम से सौर विद्युत सहित अक्षय ऊर्जा विद्युत की बिक्री को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि से ग्रीन टर्म अहेड मार्केट (जीटीएएम) की शुरुआत की गई।

अनुलग्नक

"विदेशी निवेश से सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना" के संबंध में पूछे गए दिनांक 20.12.2022 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1577 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

अप्रैल, 2000 से सितम्बर, 2022 तक देश-वार एफडीआई इक्विटी इन्फ्लो संबंधी विवरण क्षेत्रः गैर-परंपरागत ऊर्जा			
क्र.सं.	देश का नाम	एफडीआई इक्विटी इन्फ्लो की राशि	इन्फ्लो का प्रतिशत
		राशि (मिलियन अमेरिकी डॉलर में)	
1	मॉरीशस	4,295.3190	32.9532
2	यूनाइटेड किंगडम	1,897.6852	14.5588
3	सिंगापुर	1,834.1509	14.0714
4	नीदरलैंड	924.6418	7.0937
5	यूएई	604.7798	4.6398
6	इंडोनेशिया	430.6724	3.3041
7	स्पेन	401.4001	3.0795
8	जापान	379.7582	2.9135
9	कनाडा	349.0556	2.6779
10	मलेशिया	312.7232	2.3992
11	यूएसए	204.8610	1.5717
12	फ़्रांस	202.3562	1.5525
13	नॉर्वे	157.7485	1.2102
14	जर्मनी	155.4877	1.1929
15	इटली	144.5741	1.1092
16	हाँग काँग	134.3237	1.0305
17	केमेन द्वीपसमूह	99.0363	0.7598
18	सेशल्स	85.7617	0.6580
19	लक्समबर्ग	74.1735	0.5690
20	डेन्मार्क	54.2589	0.4163
21	चीन	54.0141	0.4144
22	दक्षिण कोरिया	45.5563	0.3495
23	फिलीपींस	44.7313	0.3432
24	ऑस्ट्रेलिया	28.8258	0.2211
25	साइप्रस	23.7219	0.1820
26	ब्रिटिश वर्जीनिया	18.5418	0.1423
27	बहरीन	16.5097	0.1267
28	कोरिया (उत्तर)	14.5249	0.1114
29	सऊदी अरब	14.0535	0.1078
30	बेल्जियम	11.5245	0.0884

अप्रैल, 2000 से सितम्बर, 2022 तक देश-वार एफडीआई इक्विटी इन्फ्लो संबंधी विवरण क्षेत्रः गैर-परंपरागत ऊर्जा			
क्र.सं.	देश का नाम	एफडीआई इक्विटी इन्फ्लो की राशि	इन्फ्लो का प्रतिशत
		राशि (मिलियन अमेरिकी डॉलर में)	
31	वर्जिन आइलैंड्स (यूएस)	8.2170	0.0630
32	स्विट्ज़रलैंड	4.1294	0.0317
33	ऑस्ट्रिया	3.4588	0.0265
34	चेक गणराज्य	1.2067	0.0093
35	देश के विवरण की प्रतीक्षा है	0.5212	0.0040
36	लिकटेंस्टाइन	0.4848	0.0037
37	फिनलैंड	0.3381	0.0026
38	बुल्गारिया	0.2518	0.0019
39	स्वीडन	0.2478	0.0019
40	बहामास	0.2027	0.0016
41	बरमूडा	0.2020	0.0015
42	कतर	0.1760	0.0013
43	एनआरआई ***	0.1174	0.0009
44	कुवैत	0.0942	0.0007
45	ब्रिटिश आइल्स	0.0629	0.0005
46	रूस	0.0344	0.0003
47	स्लोवेनिया	0.0295	0.0002
48	पोलैंड	0.0271	0.0002
49	टर्की	0.0248	0.0002
50	दक्षिण अफ्रीका	0.0159	0.0001
51	पुर्तगाल	0.0016	0.0000
52	जॉर्जिया	0.0007	0.0000
53	इजराइल	0.0001	0.0000
54	माल्टा	0.0000	0.0000
55	सीरिया	0.0000	0.0000
	कुल-योग	**13,034.6165**	

*स्रोतः उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग

नोटः कुल एफडीआई इन्फ्लो में इक्विटी इन्फ्लो, शामिल न किए गए निकायों की इक्विटी पूंजी, पुनः निवेश की गई आय और अन्य पूंजीगत क्षेत्र/राज्य/देश-वार ब्यौरे केवल एफडीआई इन्फ्लो की इक्विटी घटक के लिए रखे जाते हैं।

*****